NEERAJ®

Serving Education for Last 40 Years

# भारतीय राजनीतिक चिंतन–II

## ( Indian Political Thought-II )

## B.P.S.C.-114

**B.A. Pol. Science. (Hons.) - 6th Semester**

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Dr. Kusam Kumari*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

## Get books by Post & Pay Cash on Delivery :

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

## Content

# भारतीय राजनीतिक चिंतन–II
## ( Indian Political Thought-II )


Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1

Sample Question Paper–1 (Solved) ........ 1

Sample Question Paper–2 (Solved) ........ 1

Sample Question Paper–3 (Solved) ........ 1


*S.No.* *Chapterwise Reference Book* *Page*


**आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन का परिचय**
**( Introduction to Modern Indian Political Thought )**

1. आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन की उत्पत्ति और मुख्य विशेषताएँ ........ 1
( Genesis and Salient Features of Modern Indian Political Thought )

**आधुनिकता से सामना और सुधारों का सवाल**
**( Encounter with Modernity and the Question of Reforms )**

2. राम मोहन राय : सामाजिक सुधार और आधुनिकता की पुष्टि ........ 12
( Rammohan Roy: Social Reform and Affirmation of the Modern )

3. पंडिता रमाबाई : महिला और धार्मिक प्राधिकरण ........ 25
( Pandita Ramabai: Women and Religions Authority )

**परंपराओं के प्रति वचनबद्धता ( Engagement with Tradition )**

4. स्वामी विवेकानंद : परंपरा को पुन: प्राप्त करना और स्वयं का विचार (नर-नारायण) ........ 33
( Swami Vivekananda: Reclaming Tradition and the Idea of Self-Nara Narayana )

5. एम.के. गाँधी : परंपरा की आलोचना और स्वराज का विचार ........ 49
( M.K. Gandhi: Critique of Tradition and the Idea of Swaraj )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|

## राष्ट्र और विश्व की कल्पनाएँ
## ( Imaginaries of the Nation on the World )

6. डॉ. बी.आर. अंबेडकर : संवैधानिक लोकतंत्र और सामाजिक न्याय ....64
( Dr. B.R. Ambedkar: Constitutional of Democracy and Social Justice )

7. रवींद्रनाथ टैगोर : राष्ट्रवाद और विश्वबंधुत्व ....77
( Rabindranath Tagore: Nationalism and Cosmpolitanism )

8. जवाहरलाल नेहरू–राज्य, राष्ट्र निर्माण और धर्मनिरपेक्षता ....89
( Jawaharlal Nehru: State, Nation Building and Secularism )

9. राम मनोहर लोहिया : समाजवादी लोकतंत्र ....106
( Ram Manohar Lohiya: Socialist Democracy )

10. एम.एन. रॉय : क्रांतिकारी मानवतावाद ....120
( M.N. Roy: Radical Humanism )

## राष्ट्र और समुदाय
## ( Community and Nation )

11. मोहम्मद इकबाल : समुदाय, धर्म और आधुनिकता ....134
( Mohammad Iqbal: Community, Religion and Modernity )

12. वी.डी. सावरकर : हिंदुत्व ....143
( V.D. Savarkar: Hindutva )

■■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

**भारतीय राजनीतिक चिंतन–II** **B.P.S.C.-114**

**( Indian Political Thought-II )**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में से कम-से-कम दो प्रश्न चुनते हुए, किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

## खण्ड-I

**प्रश्न 1. आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिन्तन की वैचारिक विशेषताओं पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-2, 'आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन की मुख्य विशेषताएं'

**प्रश्न 2. शिक्षा पर राजा राममोहन राय के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-16, प्रश्न 2

**प्रश्न 3. संस्थागत सक्रियता (Institutional Activism) पर पंडिता रमाबाई के प्रयासों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-29, प्रश्न 3

**प्रश्न 4. 'स्वतन्त्रता' पर स्वामी विवेकानन्द के विचारों की व्याख्या कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-37, प्रश्न 3

## खण्ड-II

**प्रश्न 5. गांधी और कार्ल मार्क्स के विचारों में समानता तथा विभिन्नता का तुलनात्मक विश्लेषण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-54, प्रश्न 4

**प्रश्न 6. अम्बेडकर के 'वैचारिक झुकाव' का अवलोकन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-67, प्रश्न 1

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**( क ) राष्ट्रवाद के सिद्धान्त पर टैगोर के विचार**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-80, प्रश्न 2

**( ख ) योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था (Planned Economy) पर नेहरू के दृष्टिकोण**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-90, 'सुनियोजित अर्थव्यवस्था का विचार'

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**( क ) पुनराभाषित समाजवाद (Redefining Socialism) पर लोहिया के विचार**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-108-109, प्रश्न 2

**( ख ) उग्र मानवता (Radical Humanism)**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-121, 'क्रांतिकारी मानवतावाद'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*December – 2022*

*(Solved)*

**भारतीय राजनीतिक चिंतन-II**

**(Indian Political Thought-II)**

**B.P.S.C.-114**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में से कम-से-कम दो प्रश्न चुनते हुए, किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

## खण्ड-I

**प्रश्न 1. भारतीय आधुनिक राजनीतिक विचारों की उत्पत्ति तथा मुख्य विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन की उत्पत्ति' तथा पृष्ठ-2, 'आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन की मुख्य विशेषताएँ'

**प्रश्न 2. राजा राममोहन राय के सामाजिक सुधारों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-13, 'राजा राममोहन राय के सामाजिक सुधार'

**प्रश्न 3. पंडिता रामाबाई के 'नारीवादी विचारों' में योगदान पर सविस्तार चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-29, प्रश्न-4

**प्रश्न 4. स्वामी विवेकानंद के 'नर-नारायण' विचार का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-39, प्रश्न-6

## खण्ड-II

**प्रश्न 5. परम्परा के प्रति गाँधी के आलोचनात्मक विचारों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-49, 'गाँधी द्वारा परंपरा की आलोचना'

**प्रश्न 6. अधिकार (Rights) तथा कारण (Reason) पर अम्बेडकर के दृष्टिकोण पर टिप्पणी लिखिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-65, 'बी.आर. अंबेडकर का चिंतन और विचार'

**प्रश्न 7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए–**

**(क) विश्वबंधुत्व (Cosmopolitanism) पर टैगोर के विचार**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-82, प्रश्न-4

**(ख) नेहरू के राष्ट्र निर्माण पर विचार**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-93, प्रश्न-3

**प्रश्न 8. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए–**

**(क) समाजवादी लोकतंत्र पर लोहिया का दृष्टिकोण**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-109, प्रश्न-3

**(ख) दलविहीन लोकतंत्र पर एम.एन. राय का दृष्टिकोण**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-130, प्रश्न-9

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

Sample Preview
of
The Chapter

*Published by:*

NEERAJ
PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# भारतीय राजनीतिक चिंतन–II
## ( Indian Political Thought-II )

## आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन का परिचय
## ( Introduction to Modern Indian Political Thought )

## आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन की उत्पत्ति और मुख्य विशेषताएँ
## ( Genesis and Salient Features of Modern Indian Political Thought )

1

### परिचय

भारतीय चिंतन परंपरा वैद्धिक काल से लेकर वर्तमान तक बनी हुई है। भारत में ब्रिटिश सत्ता की स्थापना के साथ ही देश पाश्चात्य शिक्षा एवं संस्कृति के संपर्क में आया। आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन प्राचीन भारतीय चिंतन से एकमद विच्छिन्न नहीं है, तथापि काल-विभाजन की दृष्टि से मुख्यत: 18वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध से वर्तमान तक का भारतीय सामाजिक एवं राजनीतिक चिन्तन ही 'आधुनिक' कहा जाता है। 21वीं शताब्दी में भारत के वैश्विक स्तर पर विकास के साथ-साथ, भारतीय राजनीतिक चिंतन में भी शैक्षणिक स्तर पर रुचि धीरे-धीरे बढ़ रही है। आधुनिक राजनीतिक चिंतन को समझने से पहले हमें इन तथ्यों का अध्ययन करना होगा कि कैसे भारतीय विचारकों ने राष्ट्र, धर्म, लोकतंत्र, अधिकार, रीति-रिवाजों, परंपराओं और आधुनिकता आदि जैसी अवधारणाओं को समझा।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन की उत्पत्ति

भारतीय राजनीतिक चिंतन वैदिक काल से मुगल काल तक होता हुआ ब्रिटिश औपनिवेशिक काल को पार करता हुआ निर्बाध प्रभावशील है। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश शासन ने अपनी औपनिवेशिक सत्ता को मजबूत करने के लिए भारतीय शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने की योजना बनाई। इसके माध्यम से वह भारत में एक शिक्षित शहरी वर्ग और दूसरा जमींदारों का औपनिवेशिक प्रशासन तैयार कर ब्रिटिश शासन को सुदृढ़ कर सके। एम.एन. झा के शब्दों में, ब्रिटिश साम्राज्यवादियों ने भारत को अपने विचारों के अनुरूप बनाने के लिए कुल मिलाकर तीन कदम उठाए। सर्वप्रथम, उन्होंने पूरे देश को एक प्रशानिक इकाई के अंतर्गत संगठित किया। द्वितीय, शिक्षा की एक अंग्रेजी प्रणाली की स्थापना की गई थी। तृतीय, अंग्रेजों ने मानवविज्ञानियों और पुरातत्वविदों द्वारा किए गए शोधों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक हीनता को दिखाने की भी कोशिश की। इस तरह से राजनीतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक परिवेश में आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन का उदय हुआ।

एम.पी. सिंह के अनुसार, भारत में आधुनिक राजनीतिक चिंतन के उदय के लिए ब्रिटिश और औपनिवेशिक शासन भारतीय परंपरा का आधुनिकीकरण, राष्ट्र-निर्माण की चुनौतियाँ, राज्य गठन और आर्थिक विकास इत्यादि उत्प्रेरक कारक जिम्मेदार थे। ब्रिटिश औपनिवेशिक सत्ता से स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए भारत ने लम्बा संघर्ष किया, जिससे हमारे देश के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक तथा राजनीतिक क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हुए।

आधुनिक राजनीतिक विचारों का उद्‌भव भारतीय पुनर्जागरण के साथ ही शुरू हुआ। बंगाल शुरू से ही भारतीय स्वतंत्रता का केंद्रीय बिंदु रहा है। भारत में पुनर्जागरण का प्रारंभ भी बंगाल से हुआ। शुरुआती स्कूल, कॉलेज और प्रेस यहीं पर स्थापित हुए। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में भी यहाँ के एक बड़े हिस्से ने भाग लिया। भारत में पुनर्जागरण पश्चिम से भिन्न था। यहाँ पर पुरानी परंपराओं को त्यागना और उनमें वापस जाना नहीं था, अपितु पुरानी परंपराओं को तर्कसंगतता के माध्यम से देखना था और अतीत के गौरव को पुन: प्राप्त करना था।

भारत में पुनर्जागरण का अर्थ पिछली परंपराओं को त्यागना तथा अतीत की बहाली के बजाय बौद्धिक और सांस्कृतिक पुनर्खोज का दौर था। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नेताओं के मध्य इस

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

बात को लेकर व्यापक मतभेद थे। जहाँ बाल गंगाधर तिलक, अरविंद घोष और वी.डी. सावरकर ने राजनीतिक स्वतंत्रता को अधिक महत्त्व दिया। वहीं, दूसरी तरफ राजा राममोहन राय, महात्मा गाँधी, रवींद्रनाथ टैगोर और अंबेडकर इत्यादि ने पहले सामाजिक सामाजिक सुधारों को प्राथमिकता दी। महादेव रानाडे और गोपाल कृष्ण गोखले जहाँ भारत में सामाजिक सुधार के प्रयास कर रहे थे। वहीं पर तिलक ने इनका यह कहते हुए विरोध किया कि स्वराज या भारतीय स्वतंत्रता को सामाजिक सुधार से पहले आना चाहिए।

ब्रिटिश शासन भारत का कभी भी आधुनिकीकरण नहीं करना चाहता था, अपितु वे भारत की मध्ययुगीनता का पश्चिमीकरण करना चाहते थे, क्योंकि भारत में ब्रिटिश शासन को जारी रखने के लिए भारत की निरंतर मध्युगीनता आवश्यक थी। एम.पी. सिंह ने आधुनिक भारतीय राजनीतिक विचार के विकास के लिए सात मुख्य चरण बताए हैं। प्रथम, प्रतिक्रियाशील, 1857 के विद्रोह की तरह। दूसरा, राजा राममोहन राय के ब्रह्म समाज, मोहम्मडन एंग्लो-ओरिएंटल कॉलेज, अलीगढ़ और कांग्रेस के नरम दल। तीसरा चरण पुनरुत्थानवादी, उदाहरण के लिए स्वामी दयानंद सरस्वती का आर्य समाज, देवबंद स्कूल और कांग्रेस के चरमपंथी काल का समय। चौथा चरण, भगत सिंह और उनकी हिंदुस्तान रिवोल्यूशनरी पार्टी जैसे क्रांतिकारी राष्ट्रवादी।

पाँचवां चरण सुभाष चंद्र बोस और उनकी इंडियन नेशनल आर्मी जैसे सैन्यवादी। छठा चरण, एक महत्त्वपूर्ण चरण है, जिसमें महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरू जैसे कांग्रेस राष्ट्रवादी शामिल हैं–दलित उदारवादी लोकतांत्रिक डॉ. बी.आर. अंबेडकर, एम.एन राय और रजनी पाल्मे दत्त जैसे मार्क्सवादी। कांग्रेस समाजवादी और जय प्रकाश नारायण और राम मनोहर लोहिया जैसे अन्य समाजवादी। सातवाँ चरण राजगोपालाचारी और हाल के नव-उदारवादी पूँजीपतियों जैसे मक्त उद्यमी।

## आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन की मुख्य विशेषताएँ

### सामान्य विशेषताएँ

आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन की सामान्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं–

**( क ) व्यावहारिक परिप्रेक्ष्य**–भारत के अधिकांश आधुनिक राजनीतिक चिंतक पश्चिम चिंतकों जैसे–टी.एच. ग्रीन, हीगल और जॉन लॉक की तरह व्यवस्थित राजनीतिक दार्शनिक नहीं थे। अधिकतर भारतीय राजनीतिक दार्शनिक, सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्त्ता थे, जिन्होंने अपने समाज को सुधारने के प्रयास किए।

**( ख ) पूर्व-ब्रिटिश राजनीतिक विचार से जुड़ाव**–आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतकों का जुड़ाव पूर्व-ब्रिटिश राजनीतिक विचारों के साथ था। ये विचार प्रकृति में समृद्ध और विविध थे। अत: आधुनिक राजनीतिक चिंतन में भारत की प्राचीन सभ्यता और विभिन्न विदेशी आक्रमणों द्वारा लाए गए विभिन्न विदेशी तत्वों और विचारों को समायोजित करने की इसकी क्षमता पर आधारित है।

**( ग ) भारत की विविधता का प्रतिबिंब**–भारत विविधता में एकता वाला देश है। साथ ही, भारत की विविधता आधुनिक भारतीय राजनीतिक विचारकों के विचारों से ओत-प्रोत है। भारत के अधिकतर विचारक देश की विभिन्न पृष्ठभूमियों से आए थे। अत: उनके विचार भी अलग-अलग समय में अलग-अलग तरीके के थे। इन विचारकों के विचारों का मुख्य केंद्र उपनिवेशवाद का विरोध करना और राष्ट्रवाद का प्रचार करना था।

**( घ ) अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं का प्रभाव**–आधुनिक भारतीय राजनीतिक विचारकों के विचारों पर उस समय की वैश्विक घटनाओं का व्यापक प्रभाव था। उदाहरणतया यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय में बिस्मार्क द्वारा जर्मन एकीकरण और इटली के एकीकरण जैसी घटनाएँ भारतीय विचारकों के लिए प्रेरणा का स्रोत रही थीं। गाँधी, नेहरू और सावरकर के विचारों पर इटली के मैजिनी के विचारों का काफी प्रभाव रहा, जिसने इटली का एकीकरण किया। 1905 में जापान द्वारा रूस को हराए जाने की घटना ने भी भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को काफी प्रेरित किया। गाँधी और नेहरू के अनुसार, जापान की इस जीत से एशियाई लोगों में आत्म-विश्वास पैदा होगा और वे यूरोपीय शक्तियों को हरा सकते हैं। इसके अतिरिक्त 1920 के दशक के आयरिश प्रतिरोध जो अंग्रेजों के विरुद्ध था, ने भी अंग्रेजों के खिलाफ भारत के नेताओं की इच्छा का मजबूत किया। भारत में 1916 के होमरूल आंदोलन पर आयरलैंड के होमरूल आंदोलन का प्रभाव था।

प्रथम विश्वयुद्ध तथा द्वितीय विश्वयुद्ध का भारत के स्वतंत्रता आंदोलनों पर व्यापक प्रभाव पड़ा। इन आंदोलनों के प्रभाव के कारण भारत में असहयोग आंदोलन, खिलाफत आंदोलन तथा भारत छोड़ो आंदोलन इत्यादि आरंभ हुए थे। इसके अतिरिक्त कई अन्य महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय घटनाएँ, अमेरिकी, फ्रांसीसी और रूसी क्रांतियों ने भी आधुनिक राजनीतिक विचारकों को प्रेरित किया। अमेरिकी क्रांति ने भारतीय चिंतकों को ब्रिटिश सत्ता को चुनौती देने के लिए प्रेरित किया, जबकि फ्रांसीसी क्रांति ने स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के विचारों को लोकप्रिय बनाया।

### वैचारिक विशेषताएँ

आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन को विचारकों की विविधता तथा उनकी विचारधारा के आधार पर इस प्रकार व्यवस्थित किया जा सकता है।

**( क ) उदारवादी सुधारक**–भारत के उदारवादी समाज सुधारकों में मुख्यत: राजा राममोहन राय, गोपाल कृष्ण गोखले, एम.जी. रानाडे, दादा भाई नौरोजी, एस.एन. बनर्जी और सर सैय्यद अहमद खान हैं। भारत के उदारवादी चिंतक अपने समकालीन ब्रिटिश चिंतकों से काफी प्रभावित थे। उदारवादी विचारधारा में

व्यक्ति राजनीति, समाज और अर्थशास्त्र जैसे क्षेत्रों में केंद्रीयता प्रदान करता है। उदारवादियों ने अपने अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला कि भारत में, समाज या समुदाय को सर्वोपरि महत्त्व दिया गया था। उदारवादियों का मानना है कि यही भारत की महान सभ्यता के पतन का कारण रहा है। उदारवादी मूल रूप से ब्रिटिश शासन के विरोधी नहीं थे, अपितु वह मूल रूप से ब्रिटिश शासन के समर्थक थे तथा इसे भारत के आधुनिकीकरण के एक वाहन के रूप में देखते थे। उदारवादियों ने ब्रिटिश शासन को भारत में सुधारक तथा रूढ़ीवादियों ने ब्रिटिश शासन को भारत में रूढ़ीवादियों के खिलाफ एक सहारे के रूप में देखा।

**(ख) रूढ़िवादी**–उदारवादी विचारधारा के विरोधस्वरूप दूसरी विचारधारा का उदय हुआ, जो ब्रिटिश शासन के अधीन रहकर सुधार की पक्षधर नहीं थी, अपितु ब्रिटिश शासन से भारत को स्वतंत्र करवाने की माँग की पक्षधर थी। रूढ़िवादियों के भीतर भी आपस में विरोधाभाष था, जिसके परिणामस्वरूप यह दो भागों में विभाजित थे। एक तरफ स्वामी दयानंद सरस्वती और कुछ हद तक लाला लाजपत राय पुनरुत्थानवादी थे तथा वे वैदिक सभ्यता का पुनरुद्धार चाहते थे। इसके विपरीत दूसरी तरफ, बाल गंगाधर तिलक, श्री अरबिंदो और बिपिन चंद्र पाल ने लोगों के लिए स्वतंत्रता की जरूरत पर जोर दिया और उनकी परिकल्पना राष्ट्रीय संकीर्णता का आह्वाहन करने के बजाए बहुत सार्वभौमिक थी। स्वामी दयानंद सरस्वती जो आर्य समाज के संस्थापक थे तथा उन्होंने राजा राममोहन राय के ब्रह्म समाज को खारिज कर दिया, जिस पर पश्चिम का प्रभाव था तथा उन्होंने सांस्कृतिक तथा वैदिक शिक्षा की वकालत की। इसी प्रकार तिलक ने रानाडे और गोखले के सुधार प्रयासों का विरोध किया। तिलक का मानना था कि स्वराज को सामाजिक सुधार से पहले होना चाहिए। इसी प्रकार अरबिंदो का मानना है कि भारत को पश्चिमीकरण का पालन नहीं करना चाहिए।

**(ग) मानवतावादी**–मानवतावादी विचारधारा आधुनिक भारतीय राजनीतिक चिंतन की एक और विचारधारा थी। इस विचारधारा के विचारकों का तर्क था कि व्यक्तिगत बुद्धि और समझ में अपना विश्वास रखकर ही मनुष्य तर्कसंगतता के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार प्राप्त कर सकता है। मानवतावाद पर जाति, राष्ट्र, लिंग और धर्म जैसे विभाजनों का बंधन नहीं होता। स्वामी विवेकानंद के अनुसार, आध्यात्मिकता में पूरी मानवता के उत्थान की शक्ति है। अन्य महत्त्वपूर्ण मानवतावादी विचारकों में रवींद्रनाथ टैगोर थे, जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा समर्थित राज्य-केंद्रित राष्ट्रवाद के आलोचक थे। एम.एन. राय ने अपने विचारों के माध्यम से वैज्ञानिक कट्टरपंथी मानवतावाद का विचार दिया। उनका तर्क था कि अज्ञानता मानव स्वतंत्रता के लिए सबसे बड़ी बाधा थी और इस बाधा को केवल वैज्ञानिक ज्ञान से ही बहाल किया जा सकता है। राय का मानवतावाद तर्कसंगतता, नैतिकता और स्वतंत्रता जैसे तीन आधारभूत स्तंभों पर आधारित था।

**(घ) जाति व्यवस्था के आलोचक और सामाजिक न्याय के पैरोकार**–इस विचारधारा के समर्थकों में मुख्य रूप से महात्मा गाँधी, ज्योतिबा फुले, डॉ. बी.आर. अंबेडकर और ई.वी. रामास्वामी नायकर हैं। ये लोग दलित वर्गों के प्रमुख प्रतिनिधि थे, जिन्होंने दलितों की समस्याओं का विश्लेषण कर उन पर प्रकाश डाला और सामाजिक न्याय की माँग की। फुले के विचारों पर थॉमस पेन के विचारों का व्यापक प्रभाव था। फुले ने अपने विचारों के माध्यम से स्पष्ट किया कि कैसे सामंती शासकों और ब्राह्मण कुलीनों द्वारा उनका शोषण किया जा रहा था। फुले ने स्वतंत्रता और समानता पर आधारित समाज को प्राथमिकता दी और हिंदू धर्म को एक सार्वभौमिक धर्म में बदलने का भी तर्क दिया। अम्बेडकर ने अपने विचारों के माध्यम से जाति के पूर्ण उन्मूलन को प्राथमिकता दी। गाँधीजी ने अपने विचारों के माध्यम से अस्पृश्यता के उन्मूलन का तर्क दिया।

**(ङ) समाजवादी**–रूसी क्रांति और रूस में मार्क्सवादी राज्य की स्थापना के साथ समाजवाद का उदय हुआ और दुनिया भर पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ा। भारत में समाजवादी विचारधारा का प्रभाव 20वीं शताब्दी में पड़ा। राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खान, भगत सिंह और चंद्रशेखर आजाद जैसे युवा स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों पर क्रांतिकारी समाजवाद का प्रभाव था। ये क्रांतिकारी 'हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन' के सदस्य थे। भारत के युवा क्रांतिकारी महात्मा गाँधी के अहिंसक साधनों पर न चलकर हिंसा का प्रयोग करने को तैयार थे। समाजवाद से प्रेरित होकर 1925 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना तथा 1934 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को वामपंथी विचारधारा की ओर ले जाने के लिए कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की गई थी। भारतीय समाजवादी चिंतकों में नरेंद्र देव और जय प्रकाश नारायण प्रमुख थे। राममनोहर लोहिया के समाजवादी सिद्धांतों ने गाँधीवादी विचारों को शामिल करने की वकालत की।

**(च) पुरुष-महिला समानता के समर्थक**–भारत में समानता और स्वतंत्रता की भावना के उदय के साथ भारतीय समाज में महिलाओं की दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। महिलाओं के साथ होने वाले शोषण और कुरीतियों के खिलाफ राजा राममोहन राय के अभियान उल्लेखनीय हैं। सावित्री बाई फुले ने भारत के महिला आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभायी और 1848 में लड़कियों के लिए भारत में पहला स्कूल स्थापित किया। इसी तरह पंडिता रमाबाई ने जाति व्यवस्था और पितृसत्ता के विरुद्ध आवाज उठाई। महात्मा गाँधीजी ने भी महिलाओं के प्रश्नों को संबोधित किया और उनके उत्थान के लिए प्रयास किए। गाँधी ने महिलाओं के लिए समानता और स्वतंत्रता की वकालत की।

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



**(छ) इस्लामी विचार**–ब्रिटिश शासन के भारत में आगमन के समय उत्तर भारत और बंगाल में मुस्लिम शासकों का शासन था, जिनके अंत में अंग्रेजों की भूमिका रही। अत: मुसलमानों का अंग्रेजों के प्रति विरोधी दृष्टिकोण था। प्रारंभ में मुस्लिम आधुनिकता की प्रारंभिक धाराओं से दूर रहे। सर सैय्यद अहमद खान को मुस्लिम समाज में एक उदार सुधारवादी और आधुनिकतावादी माना जाता था। उन्होंने मोहम्मडन एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज की अलीगढ़ में स्थापना की तथा वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार किया। मोहम्मद इकबाल भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मुसलमानों के बीच एक और आधुनिकीकरण के समर्थक थे। अंग्रेजों ने हिंदू और मुस्लिमों में राष्ट्रवाद के जन्म की भावना को पैदा किया।

**(ज) गाँधी और नेहरू के राजनीतिक विचार**–भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में महात्मा गाँधी और जवाहरलाल नेहरू केंद्रीय व्यक्ति थे। गाँधी के राजनीतिक विचार बहुआयामी थे, वे भारत की सभ्यता के अतीत के गौरव को पुन: हासिल करना चाहते थे। गाँधीजी का मानना था कि भारत में स्वराज न तो ब्रिटिश संसद से आएगा और न ही हिंसक साधनों के माध्यम से, अपितु अहिंसक प्रत्यक्ष कार्रवाई के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकेगा। गाँधी पश्चिमी आधुनिकीकरण के समर्थक नहीं थे, अपितु उसके स्थान पर स्वेदशी का समर्थन करते थे। जवाहरलाल नेहरू के विचारों पर समाजवाद, उदारवाद और राष्ट्रवाद आदि विचारधाराओं का व्यापक प्रभाव था। उन्होंने विभिन्न विचारधाराओं के सम्मिश्रण का समर्थन किया। एक समाजवादी के रूप में जहाँ नेहरू राज्य नियोजन में विश्वास करते थे, वहीं वह वर्ग संघर्ष और हिंसा का उपयोग नहीं करने के पक्षधर थे। नेहरू का मानना था कि लोकतंत्र और समाजवाद परस्पर विरोधी नहीं हैं, अपितु समाजवाद को प्राप्त करने के लिए लोकतांत्रिक तरीकों का उपयोग किया जाना चाहिए। नेहरू एक राष्ट्रवादी भी थे, नेहरू ने तर्क दिया कि भारत की विविधता राष्ट्र निर्माण के प्रयासों में बाधा नहीं, बल्कि एक सहायक थी। इसी तरह नेहरू ने अपने विचारों के माध्यम से धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा दिया।

## बोध प्रश्न

**प्रश्न 1. पश्चिमी आधुनिकता और उपनिवेशवाद के बीच अंतर्विरोध पर प्रकाश डालिए?**

**उत्तर**–सामान्यत: राजनीतिक चिंतन को केवल पश्चिम की ही परंपरा एवं देन माना जाता है, परंतु भारत की लगभग पाँच हजार वर्षों से भी अधिक प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति में राजनीतिक चिंतन की पर्याप्त गौरवशाली परंपरा रही है। पाश्चात्य राजनीतिक दर्शन की तुलना में भारतीय राजदर्शन व्यापक धर्म की अवधारणा से समृद्ध है तथा उसका स्वरूप मुख्यत: आध्यात्मिक एवं नैतिक है।

पश्चिम आधुनिकता से अभिप्राय है कि पश्चिमी देशों की संस्कृति और रहन-सहन की तरह अपने जीवन में बदलाव कर लेना। ब्रिटिश शासन के फलस्वरूप, भारतीय समाज एवं संस्कृति में होने वाले परिवर्तनों को पश्चिमीकरण कहा गया है। इसमें प्रौद्योगिकी, संस्थाओं, विचारधारा एवं मूल्यों आदि में परिवर्तन को शामिल किया जाता है। इस अवधारणा में ब्रिटेन, अमेरिका और अन्य पश्चिम देशों की तरह बनने की बात भी सम्मिलित है। भारतीय संस्कृति में पश्चिमीकरण के प्रभावों को कई अलग-अलग स्वरूपों में देखा जा सकता है, जैसे-सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक और प्रशासनिक। यदि आप अपने आस-पास ही देखें, तो कई मायनों में आज हम पश्चिमी देशों की तरह ही जीवनयापन कर रहे हैं। उपनिवेशवाद के तहत किसी क्षेत्र एवं वहाँ के नागरिकों पर राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक नियंत्रण बनाया जाता है, जो दीर्घकालीन प्रक्रिया का प्रतिफल होता है। उदाहरण के तौर पर देखें तो भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया पर यूरोप का शासन, जबकि साम्राज्यवाद के तहत विदेशी शक्ति किसी क्षेत्र एवं वहाँ के नागरिकों के प्रमुख आर्थिक कारकों पर नियंत्रण रखती है।

भारत के संदर्भ में पश्चिमी आधुनिकता और विदेशी शासन के चरित्र के ही परिणामस्वरूप भारतीय जनता में राष्ट्रीयता के भाव उठे। उसी चरित्र के कारण एक सशक्त राष्ट्रीय आंदोलन के उद्भव और विकास के लिए नैतिक, भौतिक और राजनीतिक स्थितियाँ पैदा हुई। भारत पर पाश्चात्य संपर्क के प्रभाव हानिकारक भी पड़े और लाभप्रद भी। ये प्रभाव देश के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक सभी क्षेत्रों में पड़े। आधुनिक भारत में जो भी विचारक और विद्वान हुए, वे किसी-न-किसी रूप में पश्चिम चिंतन से प्रभावित रहे। उन्होंने पश्चिम का अंधानुकरण नहीं किया, लेकिन पश्चिम की अच्छाईयों की उपेक्षा भी नहीं की।

प्रारंभिक काल में पाश्चात्य संपर्क का प्रभाव अधिक हानिकारक सिद्ध हुआ, किंतु आगे चलकर मानसिक क्षितिज के विस्तार के साथ-साथ परिस्थितियाँ बदलीं और भारतीयों में एक नया दृष्टिकोण विकसित हुआ। आधुनिकता ने जहाँ एक तरफ उपनिवेशवादी देशों का आधुनिकीकरण किया। वहीं, दूसरी तरफ आधुनिकता की भावना और उपनिवेशवाद के बीच अंतर्विरोध था। जहाँ आधुनिकता ने सार्वभौमिक स्वतंत्रता का आह्वाहन किया, वहीं उपनिवेशवाद एक ऐसा विचार है, जो अधीनता और पदानुक्रम का पक्ष लेता है और इसलिए स्वतंत्रता के खिलाफ थे। यह बात महत्त्वपूर्ण है कि अंग्रेज कभी भी भारत का आधुनिकीकरण नहीं करना चाहते थे। वे भारत की मध्ययुगीनता का पश्चिमीकरण करना चाहते थे, क्योंकि भारत में ब्रिटिश शासन को जारी रखने के लिए भारत में निरंतर मध्युगीनता आवश्यक थी। कतिपय अंग्रेजी मूल्यों व संस्थाओं की सराहना करते हुए भी उपनिवेश विरोधी राष्ट्रवादी चिंतन की सभी धाराओं में सभी इस बात पर एकमत थे कि औपनिवेशिक शासन अमानवीय तथा शोषणकारी है। पश्चिम आधुनिकता की शुरुआत 18वीं शताब्दी में यूरोप से हुई। ज्ञानोदय ने उन आवाजों को जन्म दिया, जो अन्य सभ्यताओं पर यूरोपीय

www.neerajbooks.com